## न्यूज डायरी



### ईरान की कार्रवाई में मारे गए प्रदर्शनकारियों की संख्या बढ़कर 304 हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ईरान में नवंबर के महीने में हुए विरोध प्रदर्शनों के खिलाफ की गई तीन दिन की कार्रवाई में कम से कम 304 लोगों की जान गई। एमनेस्टी इंटरनैशनल ने मृतकों की इस नई संख्या की जानकारी सोमवार को दी। अधिकारों के लिए काम करने वाले इस समूह ने पहले 208 मौतों का अनुमान जताया था जिनमें 15 और 17 वर्ष के दो नाबालिग भी शामिल थे। ईरान ने इन आंकड़ों को पूरी तरह झूठ बता कर खारिज किया है। एमनेस्टी ने कहा कि उसने खौफनाक गवाहियां इकट्ठा कीं जो दर्शाती हैं कि अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों का हत्याकांड रचने के बाद, इन मौतों पर पर्दा डालने के लिए बड़े पैमाने पर कड़े प्रतिबंध लगाने की योजना बनाई। लंदन से संचालित इस निगरानी संस्था ने एक बयान में कहा, ईरान के अधिकारियों ने 15 नवंबर को राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन शुरू होने के बाद प्रदर्शनकारियों पर क्रूर कार्रवाई की।

### ब्राजीलः लावारिस खड़ी गाड़ी में मिले 7 शव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रियो डि जनेरो। ब्राजील में प्रशासन को रविवार को एक वाहन के अंदर 7 पुरुषों के शव मिले। सैन्य पुलिस ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, दक्षिणी रियो डि जनेरो में अंगरा डोज रीस नगर में स्थानीय अग्निशमन विभाग के बाहर खड़े वाहन में ये शव मिले। प्रशासन को क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित अपराध होने का संदेह है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि उन्हें अभी तक यह पता नहीं चला है कि ये हत्याएं कैसे की गईं। क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान के दौरान सैन्य पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स बोप को ये शव मिले। इस अभियान के दौरान दो हथियार और दो ग्रेनेड भी बरामद हुए।

### मुशर्रफ को राहत, कोर्ट ने राजद्रोह मामले की कार्यवाही पर रोक लगाने के निर्देश दिए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। लाहौर हाईकोर्ट ने सोमवार को पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ की याचिका पर पाकिस्तान सरकार को नोटिस जारी कर निर्देश दिया है कि वह इस्लामाबाद की विशेष अदालत के समक्ष लंबित राजद्रोह मामले की कार्यवाही पर रोक लगाए। अपने आवेदन में मुशर्रफ ने हाईकोर्ट से गुजारिश की है कि वह विशेष अदालत में उनके खिलाफ राजद्रोह के मामले में लंबित सभी कार्यवाहियों को असंवैधानिक करार दे। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। बता दें कि तीन सदस्यीय विशेष अदालत इस चर्चित एवं बहुप्रतीक्षित राजद्रोह मामले में कल यानी मंगलवार को अपना फैसला सुनाने वाली थी, लेकिन हाईकोर्ट के इस निर्देश के बाद मामले में नया मोड़ आ गया है। इससे पहले इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने विशेष अदालत को फैसला नहीं सुनाने का आदेश दिया था।

### इमरान सरकार पर बिलावल भुट्टो का गंभीर आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** क्वेटा। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को लेकर प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इमरान सरकार बलूचिस्तान के लोगों को सीपीईसी के फायदे से वंचित रखने के लिए इस प्रोजेक्ट के रूट में बदलाव कर रही है। विपक्षी दल पीपीपी के नेता ने यहां पार्टी कार्यकर्ताओं के एक सम्मेलन में कहा, हमने बलूचिस्तान के लोगों के लिए सीपीईसी जैसी क्रांतिकारी परियोजनाओं की शुरुआत की थी। पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की यह सोच थी कि इस प्रोजेक्ट के रूट की शुरुआत पाकिस्तान के सबसे पिछड़े इलाके फाटा और बलूचिस्तान से हो। लेकिन यह कहते हुए अफसोस हो रहा है कि रूट को बदल दिया गया है और प्रोजेक्ट को लाहौर और सिंध से शुरू किया गया है। हम चाहते हैं कि सीपीईसी से बलूच लोगों को फायदा हो।

# 2015 में वायु प्रदूषण से 42 लाख मौतें हुई

**प्रदूषण**

## मधुमेह और फ्लू की बीमारी से मरने वालों के मुकाबले कहीं अधिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ग्लोबल वर्मिंग और वायु प्रदूषण का असर दुनिया के तमाम हिस्सों में दिख रहा है। एक सर्वे में ये सामने आया है कि साल 2015 में दुनियाभर में जो 4.2 मिलियन लोगों की मौतें हुई उसके लिए आउटडोर पार्टिकुलेट प्रदूषण जिम्मेदार रहा। एक बात ये भी सामने आई कि गंदी हवा में सांस लेने से लाखों लोग बीमार पड़ जाते हैं। यह प्रदूषण मुख्य रूप से जलती हुई चीजों से आता है, इसमें बिजली संयंत्रों में जलाए जाने वाला कोयला, कारों में गैसोलीन, औद्योगिक प्रक्रियाओं में रसायन शामिल है। यदि किसी वजह से जंगल में आग लग जाती है तो उस दौरान भी जो हवा उड़ती है उससे भी प्रदूषण होता है।

**पीएम 2.5 के कण**

पीएम 2.5(धूल के महीन कण) बहुत ही महीन होते हैं, ये खुली आंखों से दिखाई नहीं देते और सबसे अधिक नुकसान भी यही पहुंचाते हैं। कहा जाता है कि ये कण समुद्र तट रेत के दाने से भी लगभग 35 गुना छोटे होते हैं। जब तेज हवा चलती है तो ये आकाश में ऊपर चले जाते हैं और जब लोग सांस लेते हैं तो ये सांस के सहारे उनके शरीर के अंदर प्रवेश कर जाते हैं। शरीर के अंदर जाने के बाद ये कई तरह से नुकसान पहुंचाते हैं। लंबे समय तक ऐसे कणों के संपर्क में रहने के कारण कैंसर होने की भी संभावना रहती है। 2015 में दुनिया भर में अनुमानित 4. 2 मिलियन मौतों के लिए पीएम2. 5(आउटडोर पार्टिकुलेट प्रदूषण) जिम्मेदार था, जिसमें अधिकांश पूर्व और दक्षिण एशिया में केंद्रित थे।



**संयुक्त राज्य में सबसे अधिक अच्छी हवा**

ऐसा कहा जाता है कि संयुक्त राज्य में दुनिया की सबसे स्वच्छ हवा है। इसके बावजूद साल 2015 में 88 हजार मौतें समय से पहले हो चुकी हैं। इस वजह से वैज्ञानिक अब इस प्रदूषण को मधुमेह और फ्लू दोनों की तुलना में अधिक घातक मान रहे हैं। एक बात ये भी कही जा रही है कि अमेरिका में प्रदूषण 2016 के बाद से बदतर हो गया है, इसमें गिरावट का सिलसिला जारी है।

**पीएम 2.5 कण के नुकसान**

पीएम 2.5 हमारे शरीर के बचाव(रोग प्रतिरोधक क्षमता) को कम करता है, फेफड़ों में गहराई तक प्रवेश कर जाता है। ये हमारे शरीर के रक्तप्रवाह में भी प्रवेश कर सकता है। यह अस्थमा और फेफड़ों के अन्य विकारों को बढ़ाता है और दिल के दौरे और स्ट्रोक के खतरे को बढ़ाता है। यह सूक्ष्म प्रदूषण प्रत्येक कण 2.5 माइक्रोमीटर से अधिक छोटा होता है। बच्चों में विकास संबंधी समस्याओं और वृद्ध लोगों में संज्ञानात्मक हानि और साथ ही समय से पहले प्रसव और कम जन्म के वजन से जुड़ा हुआ है।

**प्रदूषण का उच्च स्तरः** कोलम्बिया विश्वविद्यालय से संबद्ध एक पर्यावरण विश्लेषक और अनुसंधान वैज्ञानिक एलेक्जेंड्रा करबेलस ने कहा कि आप प्रदूषण के उच्च स्तर के तहत हैं। इससे परेशान होकर आप कार्य नहीं कर सकते, आप रोमांचित नहीं हो सकते। आज के समय में स्वच्छ हवा तक पहुंच एक बुनियादी मानव अधिकार की तरह है।

## कार चोरी कर तीन बार अरेस्ट करने के लिए किया फोन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जॉर्जिया। अमेरिका में एक शख्स ने अपराध करने के बाद खुद पुलिस को तीन बार फोन किया और पकड़ने की मांग की। जॉर्जिया में पुलिस ने खुद इस घटना की पुष्टि स्थानीय मीडिया से की। घटना शुक्रवार की है जब थॉमस काउंटी शेरिफ पुलिस अधिकारियों के पास एक शख्स ने फोन किया और कहा कि उसने कार चोरी की है, उसे आकर पकड़ा जाए।

**कार चोरी कर पुलिस को किया था फोनः** पुलिस टीम ने बताया, शुक्रवार को हमारे पास फोन आया और दूसरी तरफ मौजूद शख्स ने बताया कि उसने एक कार चोरी की है। वह बॉस्टन से करीब 20 किमी. दूरी पर है और उसे आकर अरेस्ट किया जाए।# इस सूचना के बाद बोस्टन पुलिस ने 29 साल के कार चोर के आरोरी राशेड लैंकफोर्ड की तलाश करी, लेकिन वह वहां नहीं मिला। लैंकफोर्ड ने इसके कुछ देर बाद पुलिस को फिर फोन किया और गिरफ्तार करने के लिए बुलाया। हालांकि, तीसरी बार उसने बीयर की एक दुकान से पुलिस को फोन किया और कहा कि उसे अरेस्ट किया जाए। इसके बाद पुलिस ने आखिरकार बीयर की दुकान से उसे अरेस्ट कर लिया। लैंकफोर्ड ने पुलिस को यह भी बताया कि उसने बीयर की दुकान तोड़ दी और उसमें घुसा और बीयर भी चुराई।



**सऊदी अरब में बचा हुआ खाना फेंकने की आदत का विरोध**


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रियाद। सऊदी अरब में बचा हुआ खाना फेंकने की तेजी से फैलती संस्कृति और भोजन की भारी बर्बादी के विरोध में बड़ी संख्या में लोग उतरे। अब इसे रोकने के कुछ नायाब तरीके भी सामने लेकर आए हैं। देश में एक ऐसी थाली तैयार की गई है जिसमें खाना ज्यादा परोसा हुआ दिखेगा और बर्बादी कम से कम होगी। उद्यमी मशाल अल्काहरशी खाने की बर्बादी रोकने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने एक ऐसी थाली बनाई है जिसमें खाना ज्यादा दिखता है।

## उत्तर कोरिया के बयान शत्रुतापूर्ण और गैरजरूरी : अमेरिकी राजनयिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सोल। उत्तर कोरिया के साथ बातचीत में शामिल अमेरिका के एक शीर्ष प्रतिनिधि ने सोमवार को प्योंगयांग की मांगों को शत्रुतापूर्ण और अनावश्यक करार दिया, लेकिन साथ ही नए सिरे से वार्ता करने के लिए द्वार भी खुले रखे। उत्तर कोरिया ने इस बात पर जोर दिया था कि अमेरिका वर्ष 2019 के अंत तक उसे नई रियायतों का एक प्रस्ताव दें।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग–उन के बीच फरवरी में हनोई में हुई बातचीत के बेनतीजा रहने के बाद से ही प्रक्रिया में गतिरोध बना हुआ है। प्योंगयांग ने हाल के हफ्तों में कई कठोर बातें कही थीं। इनके बारे में अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि स्टीफन बिगन ने सोल में संवाददाताओं से कहा, हमने वह सब सुना है।



अमेरिकी राजनयिक ने कहा, यह निराशाजनक है कि उनके बयानों का लहजा अमेरिका, कोरियाई गणराज्य, जापान और यूरोप में हमारे मित्रों के प्रति शत्रुतापूर्ण, नकारात्मक और गैरजरूरी था। उन्होंने कहा, अमेरिका ने समय–सीमा नहीं बल्कि एक लक्ष्य तय किया है। अमेरिकी राजनयिक के मुताबिक प्योंगयांग ने कहा था कि अगर वॉशिंगटन उन्हें स्वीकार्य प्रस्ताव देने में नाकाम रहता है तो वह एक श्नया तरीकाश अपनाएगा, हालांकि नया तरीका क्या होगा इसके बारे में उसने कुछ नहीं बताया था। वहीं, ताजा वार्ता के लिए द्वार भी खुले होने का संकेत देते हुए बिगन ने अपने समकक्ष उत्तर कोरिया से सीधे–सीधे कहा, अब समय आ गया है कि हम अपना काम करें। आएं इसे करें। हम यहां हैं और आपको पता है कि हम तक कैसे पहुंचना है।

### प्लेटलेट गणना स्थिर होने तक शरीफ को इलाज के लिए अमेरिका ले जाना मुश्किल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लदंन। पाकिस्तान के बीमार पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को उनकी प्लेटलेट गणना स्थिर होने तक विशेष इलाज के लिए लंदन से अमेरिका नहीं ले जाया जाएगा। यह जानकारी सोमवार उनके पुत्र के हवाले से दी गई। पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज पार्टी के प्रमुख 69 वर्षीय शरीफ को 19 नवंबर को एयर एंबुलेंस के जरिये पाकिस्तान से लंदन ले जाया गया था।

भ्रष्टाचार के मामले में सात साल की सजा काट रहे तीन बार के प्रधानमंत्री शरीफ को इलाज के लिए मिली जमानत के करीब एक महीने बाद विदेश ले जाया गया। इनमें प्रतिरोधक क्षमता में असंतुलन शामिल है, जिसकी वजह से उनके प्लेटलेट में गिरावट आ रही है। इस महीने की शुरुआत में उनके परिवार ने कहा था कि शरीफ को 16 दिसंबर को इलाज के लिए लंदन से अमेरिका ले जाया जा सकता है। द न्यूज इंटरनेशनल में सोमवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक उनके बेटे हुसैन नवाज ने लंदन में पत्रकारों से कहा कि उनके पिता को तबतक अमेरिका ले जाना मुश्किल है जबतक कि उनके प्लेटलेट की गणना में स्थिरता नहीं आ जाती।